के दौरान दिल्ली नगर निगम द्वारा निम्न लिखित कार्य आरम्भ करने का प्रस्ताव है :—

(1)	जी.टी. रोड शाहदरा को ऊंचा करना	16.00 लाख रुपये
(2)	पांडव रोड शाहदरा	8.76 लाख रुपये
(3)	ब्लाक 13 गीता कालोनी के साथ रोड	6.00 लाख रुपये
(4)	ब्लाक 2 तथा गीता कालोनी के साथ-साथ—सड़क.	7.88 लाख रुपये
(5)	मंडोली रोड शाहदरा	8.85 लाख रुपये
(6)	पड़पड़ गंज रोड शाहदरा	41.00 लाख रुपये

यमुना विहार कालोनी, दिल्ली में शापिंग सेंटर

1613. श्री चन्द्र पाल शैलानी: क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार दिल्ली विकास प्राधिकरण की कालोनी यमुना विहार में एक शापिंग सेन्टर खोलने का है; और

(ख) यदि हां, तो यह शापिंग सेन्टर कब तक खोला जायेगा ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री पी. सी. सेठी) (क) जी, हां ।

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि विपणन केन्द्र के निर्माण कार्य ठेके पर देने के लिए प्रारम्भिक कार्रवाई चल रही है।

Drinking Water for Inhabitants of Tughlakabad Extension, New Delhi

1615. SHRI DHARAM DAS SHASTRI: Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) whether the DDA/Delhi Municipal Corporation have any scheme in the near future to provide at least drinking water to the thousands of inhabitants of Tughlakabad Extension;

(b) if so, when; and

(c) if not, why?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI P. C. SETHI): (a) to (c) The M.C.D. has informed as under:

Tughlakabad Extension is an unauthorised Colony. The Delhi Water Supply & Sewage Disposal Undertaking provides water Supply in unauthorised colonies on payment of development charges by the beneficiaries and subject to availability of trunk services. In the case of this colony, there is no municipal water main near this area. The residents have also not deposited any development charges.

गुजरात को चीनी और खाद्यान्न की मांग तथा उसको सप्लाई

1616. श्री मोतीभाई आर. चौधरी : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी, 1980 से आज तक गुजरात को महीने वार कितनी लेवी चीनी सप्लाई की गई;

(ख) जनवरी, 1980 से आज तक गुजरात को महीनेवार कितना गेहूं, चावल और मोटा अनाज सप्लाई किया गया; और

(ग) गुजरात की उपर्युक्त वस्तुओं में से प्रत्येक वस्तु की महीने वार मांग कितनी थी?